Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 जनवरी, 2024

स्पेसटाइम: ब्रह्मांड की ज्यामिति

स्पेसटाइम एक **गणितीय मॉडल है जो अंतरिक्ष के तीन आयामों और समय के आयामों को एक इकाई** में जोड़ता है।

- **ब्रह्मांड की ज्यामिति के कारण** सबसे बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड मानव अनुभव के पैमाने से भिन्न दिखता था।
    - मानव पैमाने पर, अंतरिक्ष-समय सपाट प्रतीत होता है, लेज़र से प्रकाश की किरण एक सीधी रेखा में यात्रा करेगी।
    - लेकिन सबसे बड़े पैमाने पर, **हमारा स्पेसटाइम वास्तव में एक गोलाकार स्थान घेर सकता** है।
    - यदि आप अपने सामने एक शक्तिशाली लेज़र चमकाते हैं और अविश्वसनीय रूप से लंबे समय तक प्रतीक्षा करते हैं, तो लेज़र से प्रकाश तकनीकी रूप से आपके पास वापस आ सकता है।
- [अल्बर्ट आइंस्टीन के सापेक्षता के विशेष सिद्धांत](#) में कहा गया है कि यदि दो पर्यवेक्षक A और B हैं, प्रत्येक के पास एक घड़ी है, जैसे कि A, B की तुलना में तेज़ी से चल रहा है (लेकिन तेज़ नहीं हो रहा है), तो A की घड़ी B की घड़ी की तुलना में कम समय मापेगी।



[//](#)

और पढ़ें: [खगोलविदों ने आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत को स्वीकारा](#)

भारत 76वाँ सेना दिवस और 8वाँ सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मना रहा है

सेना दिवस: प्रतिवर्ष 15 जनवरी को उस दिन के उपलक्ष्य में **"सेना दिवस"** के रूप में मनाया जाता है,जब **फील्ड मार्शल केएम करियप्पा** ने वर्ष 1949 में अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ से भारतीय सेना की कमान संभाली थी।

सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस: यह प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1953 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा, जिन्होंने वर्ष 1947 के युद्ध में सेना को जीत दिलाई थी, औपचारिक रूप से सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।

और पढ़ें: [भारतीय सेना परिचालन संबंधी क्षमता बढ़ा रही है](#)

भारतीय वायु सेना AN-32 (K-2743)

भारतीय वायु सेना का AN-32 K-2743 विमान वर्ष 2016 में बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हो गया था जिसका **चेन्नई तट** के पास हाल ही में मलबा पाया गया।

- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (National Institute of Ocean Technology), जो **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** के तत्त्वावधान में कार्य करता है। इस संस्थान ने लापता **An-32 विमान** के अंतिम ज्ञात स्थान पर हाल ही में गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता के साथ एक **ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (AUV)** तैनात किया।
  - यह खोज **मल्टी-बीम साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग (SONAR)**, सिंथेटिक एपर्चर सोनार और हाई रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई पेलोड का उपयोग करके 3,400 मीटर की गहराई पर की गई। खोज के दौरान प्राप्त तस्वीरों का विश्लेषण किया गया और उन्हें **An-32 विमान के अनुरूप** पाया गया।
- **AN-32** एक सोवियत मूल का सैन्य परिवहन विमान है जो वर्ष 1984 से भारतीय वायु सेना की सेवा में है।

और पढ़ें...डीप ओशन मिशन, भारत के लड़ाकू विमान

अर्जेंटीना की मुद्रास्फीति में 200% से अधिक वृद्धि

हाल ही में जारी आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2023 में **अर्जेंटीना की वार्षिक मुद्रास्फीति दर 211%** से अधिक हो गई जो 1990 के दशक की शुरुआत के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुँच गई, जहाँ देश अत्यधिक मुद्रास्फीति के दौर से उभर रहा था तथा खाद्य कीमतें विशेष रूप से तेज़ी से बढ़ रही थीं।

- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये पेसो मुद्रा का अवमूल्यन (Devaluation) किया गया जिसके बाद अर्जेंटीना की **मासिक मुद्रास्फीति दर** भी **इस महीने 25.5%** तक पहुँच गई जो पूर्वानुमान से थोड़ा कम है।
- इसके परिणामस्वरूप **अर्जेंटीना अपने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी वेनेज़ुएला से मुद्रास्फीति दर में आगे बढ़ गया जहाँ वर्षों की कठोर, अनियंत्रित कीमतों में वृद्धि के बाद वर्ष 2023 में मुद्रास्फीति अनुमानित 193% तक कम हो गई।**
- **हाइपरइन्फ्लेशन का आशय** एक अर्थव्यवस्था के भीतर वस्तुओं एवं सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में अत्यधिक तथा तेज़ी से होने वाली वृद्धि से है जो अमूमन प्रति माह 50% से अधिक होती है।



और पढ़ें...[भारतीय रुपए का अवमूल्यन](), [IMF से करज़ लेना कितना कारगर?]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-january,-2024